ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, सोमवार 25 मई 2026

वर्ष 3 अंक 46

ताज अरावली की सूचना देने के आदेशों वाली फाइलों को चट कर रहे 'सिस्टम' के कुंडलीमार तिलचट्टे!! पहाड़ और नदी बचाने की नौटंकी में मिल रहा सबका साथ!!!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर की झीलों, पहाड़ियों और नदी तंत्र को बचाने के दावे खोखले व कागजी है क्योंकि सच जानने के लिए लगाई गई फाइलों पर तिलचट्टे छोड़ दिए गए हैं। सूचनाओं पर अफसर पहरा लगा कर कुंडली मार कर इतने ढीठ होकर बैठे हैं कि राज्य सूचना आयोग के आदेश भी उनके आगे पानी भरते नजर आ रहे हैं। उदयपुर विकास प्राधिकरण के अफसर खुद सवालों के घेरे में है। मामला शहर के चर्चित ताज अरावली होटल से जुड़ा है, जहां नदी क्षेत्र में सड़क निर्माण, पहाड़ी को काटने और सरकारी जमीन पर सरेआम कब्जे जैसे गंभीर आरोपों के बावजूद यूडीए की भूमिका और उसकी चुप्पी रहस्यमयी बनी गई है। सबसे बड़ा सवाल यह कि आखिर सूचना के अधिकार कानून के तहत मांगी गई जानकारी देने से यूडीए के अफसर इतना बच क्यों रहा है? इतना कतरा क्यों रहे हैं? आरटीआई कार्यकर्ता और वरिष्ठ पत्रकार जयवंत भैरविया की ओर से मांगी गई सूचनाओं को लेकर यूडीए का रवैया अब प्रशासनिक लापरवाही से आगे बढ़कर संदेहास्पद मौन के रूप में देखा जा रहा है। ऐसा मोन जिसमें आर्थिक हित व निहितार्थ प्रखर हो रहे हैं। राज्य सूचना आयोग के स्पष्ट आदेशों के बाद भी महीनों तक फाइलों पर धूल जमाई जा रही है। इस मामले में शहर के जन प्रतिनिधियों व नेताओं की चुप्पी भी अब आपराधिक नजर आने लगी है क्योंकि यही नेता ताज अरावली में होने वाली शाही शादियों में शाही मेहमान बनकर इठलाते हैं। लेकिन जब नदी में कब्जे की बात आती है तो इनके मुंह से एक शब्द तक नहीं निकलता। आम जनता पूछती है कि जब एक मामले में ये हाल हैं तो ये अरावली के पहाड़ बचाने का जिम्मा क्या लेंगे???

सूचना आयोग के आदेश भी बेअसर

पूरे मामले में जयवंत भैरविया ने यूडीए में दो अलग-अलग आरटीआई आवेदन लगाए थे। एक मामले में राज्य सूचना आयोग का फैसला आए करीब आठ महीने गुजर चुके हैं, जबकि दूसरे मामले में लगभग एक साल बीत चुका है। इसके बावजूद आज तक पूरी सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई। आरोप यह है कि यूडीए के पूर्व आयुक्त राहुल जैन के कार्यकाल में प्रथम अपीलों की सुनवाई तक नहीं हुई। आवेदकों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो आरटीआई आवेदन सीधे रद्दी की टोकरी में फेंक दिए जाते हों। सूचना आयोग तक जाने के बाद भी हालात नहीं बदले। आपको बता दें कि उदयपुर के कोडियात क्षेत्र स्थित ताज अरावली होटल से जुड़ा है। होटल के पास बहने वाली अमरजोक नदी क्षेत्र में सड़क बनाई गई और जल संसाधन विभाग की कोडियात टनल के ऊपर पहाड़ी काटकर निर्माण कार्य किया गया।

जब आरटीआई में पूछा गया था कि क्या यूडीए ने इस पहाड़ी कटान की अनुमति दी थी? यदि दी गई तो उसकी स्वीकृतियां और दस्तावेज क्या हैं? लेकिन इन्हीं सवालों पर यूडीए ने चुप्पी साध रखी है। जिस समय आरटीआई के आवेदन लगाए गए थे उस दौरान टनल के ऊपर पहाड़ी काटकर निर्माण कार्य जारी था। बताया जा रहा है कि यदि स्वीकृतियों और सीमांकन से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक हो जाएं तो नदी क्षेत्र और पहाड़ी निर्माण को लेकर बड़ा खुलासा हो सकता है।

नदी पर सड़क, फिर भी कार्रवाई नहीं

सबसे गंभीर आरोप अमरजोक नदी में सड़क निर्माण को लेकर है। यह कोई छोटी बरसाती नाली नहीं, बल्कि उदयपुर की जल आपूर्ति व्यवस्था और देवास परियोजना से जुड़ा संवेदनशील जल स्रोत है। उदयपुर की पेयजल आपूर्ति की लाइफ लाइन है। आरटीआई में यह भी पूछा गया कि नदी का सीमांकन करने के लिए यूडीए ने आज तक क्या कार्रवाई की? लेकिन इसका जवाब भी नहीं दिया गया। इधर जल संसाधन विभाग भी असमंजस में नजर आ रहा है। या साफ कहें तो यूडीए की तरह से वह भी भ्रष्ट सिस्टम को सपोर्ट करता हुआ दिख रहा है। विभाग लगातार तहसीलदार गिर्वा को पत्र लिख रहा है, लेकिन जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। तहसीलदार की आंखों पर ना जाने कौनसा चश्मा चढ़ा हुआ है।

अधिग्रहित जमीन पर सड़क बनाने का आरोप

आरटीआई आवेदन में एक और गंभीर सवाल उठाया गया कि टनल निर्माण के लिए एक किसान से अधिग्रहित की गई जमीन को पार्क विकसित करने के नाम पर लीज पर दिया गया, लेकिन वहां पार्क के बजाय होटल के पीछे जाने वाली सड़क बना दी गई। भैरविया ने पूछा कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने का अधिकार किन अधिकारियों के पास है? संबंधित अधिकारियों के नाम, पदनाम और संपर्क विवरण भी मांगे गए, लेकिन यह जानकारी भी रोक ली गई। याने ऐसी कुंडली मार कर बैठे हैं कि डर के मारे सूचनामांगते ही थर थर कांप रहे हैं। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि होटल के पीछे की कुछ जमीनें यूडीए की बताई जाती हैं, जिन पर अवैध कब्जे किए गए हैं। आरटीआई में पूछा गया था कि इन कब्जों को हटाने का अधिकार किन अधिकारियों के पास है, लेकिन इस पर भी यूडीए की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। इस पूरे मामले ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया ह कि क्या सरकारी संस्थाएं सूचना के अधिकार कानून को गंभीरता से लेती भी हैं या नहीं? यदि राज्य सूचना आयोग के आदेशों के बाद भी जानकारी नहीं दी जाती, तो आम नागरिक आखिर न्याय की उम्मीद कहां से करे? ताज अरावली से जुड़े आरोप सही हैं या गलत, इसका फैसला जांच और दस्तावेज करेंगे, लेकिन सूचना रोकने की प्रवृत्ति ने पूरे मामले को और अधिक संदेहास्पद बना दिया है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि क्या यूडीए जवाबदेही तय करेगा या यह मामला भी फाइलों के अंधेरे में दबा दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा 'कॉकरोच जनता पार्टी' विवाद, CBI जांच की मांग पर कोर्ट बोला- इतना भावुक मत बनिए



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर तेजी से उभरी 'कॉकरोच जनता पार्टी' यानी CJP अब सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच गई है। सोमवार को इस संगठन और उससे जुड़े लोगों की गतिविधियों की CBI जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल हस्तक्षेप से इनकार करते हुए कहा— "इसे इतनी भावुकता से मत लीजिए।" सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच के सामने यह मामला रखा गया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता एनके गोस्वामी ने दलील दी कि CJP सोशल मीडिया के जरिए न्यायपालिका की छवि खराब कर रही है।

यह याचिका अधिवक्ता राजा चौधरी ने दायर की है। इसमें कथित फर्जी अधिवक्ताओं, फर्जी लॉ डिग्री और सुप्रीम कोर्ट की मौखिक टिप्पणियों के "कमर्शियलाइजेशन" की जांच की मांग भी की गई। इस पर सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि फिलहाल ऐसी कोई असाधारण आपात स्थिति नहीं दिखती, जिसमें तुरंत दखल जरूरी हो। दरअसल 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 16 मई को अभिजीत दीपके ने बनाया था। यह प्लेटफॉर्म उस वक्त वायरल हुआ जब चीफ जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी। कुछ ही दिनों में CJP के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स करोड़ों में पहुंच गए। सोमवार दोपहर तक इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर करीब 2.29 करोड़ फॉलोअर्स दर्ज किए गए। इस बीच महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में अभिजीत दीपके के घर के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई है। डीसीपी पंकज अतुलकर ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती हलचल और भीड़ जुटने की आशंका को देखते हुए एहतियातन सुरक्षा बढ़ाई गई है। हालांकि किसी आधिकारिक धमकी की पुष्टि नहीं की गई। विवाद उस समय और बढ़ गया जब CJP का पुराना X अकाउंट ब्लॉक हो गया। इसके बाद संगठन ने नया अकाउंट "कॉकरोच इज बैक" नाम से शुरू किया, जिसके बायो में लिखा गया— "कॉकरोच डोंट डाय।" नया अकाउंट भी तेजी से वायरल हो रहा है और लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं। उधर अभिजीत दीपके ने दावा किया कि उनकी वेबसाइट भी बंद कर दी गई है। उनका कहना है कि वेबसाइट पर लाखों लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया था और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग वाली ऑनलाइन याचिका पर भी बड़ी संख्या में हस्ताक्षर हुए थे। फिलहाल वेबसाइट खुल नहीं रही और स्क्रीन पर "साइट कैन्ट बी रीच्ड" का संदेश दिखाई दे रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पत्नी संग देखा आमेर महल, राजस्थानी संस्कृति से हुए रूबरू



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो अपनी पत्नी जेनेट डी. रूबियो के साथ सोमवार को जयपुर स्थित ऐतिहासिक आमेर महल पहुंचे। जलेब चौक में उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया, जहां लोक कलाकारों ने घूमर, कालबेलिया और कच्छी घोड़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। आमेर भ्रमण के दौरान गाइड महेश कुमार शर्मा ने उन्हें शीश महल, गणेश पोल, दीवाने आम-खास, सुख निवास और मावठा झील की ऐतिहासिक जानकारी दी। रूबियो ने महल की बनावट और ब्रिटिश प्रभाव को लेकर विशेष रुचि दिखाई और इसे "इन्क्रेडिबल पैलेस" बताया। करीब 20 मिनट की विजिट के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री अपनी पत्नी के साथ रामबाग पैलेस रवाना हुए, जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। इससे पहले एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्होंने हल्के अंदाज में "हैव फन" कहा। सुरक्षा कारणों से आमेर महल को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पर्यटकों के लिए बंद रखा गया था। रूबियो का हाथी गांव जाने का कार्यक्रम बाद में रद्द कर दिया गया। जयपुर आगमन से पहले वे आगरा में ताजमहल का भी भ्रमण कर चुके थे। उनके साथ अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद रहे। शहर में उनके दौरे के दौरान करीब 19 किलोमीटर के रूट पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया।

आसाराम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत 7 जुलाई तक बढ़ी



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को एक बार फिर राहत दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की डिवीजन बेंच ने मेडिकल आधार पर दी गई अंतरिम जमानत की अवधि 7 जुलाई 2026 तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यह राहत 7 जुलाई तक या फिर सजा स्थगन (सस्पेंशन ऑफ सेंटेंस) पर सुरक्षित रखे गए फैसले के आने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। गौरतलब है कि आज आसाराम की पूर्व अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त हो रही थी। सुनवाई के दौरान आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े, जबकि अधिवक्ता निशांत बोड़ा और यशपाल सिंह राजपुरोहित कोर्ट में उपस्थित रहे। बचाव पक्ष ने दलील दी कि 86 वर्षीय आसाराम गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और उनका इलाज अभी पूर्ण नहीं हुआ है, ऐसे में लगातार मेडिकल निगरानी आवश्यक है। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि सजा के खिलाफ दायर मुख्य अपील पर सुनवाई 20 अप्रैल को पूरी हो चुकी है और हाईकोर्ट ने उस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। ऐसे में अंतिम निर्णय आने तक मेडिकल आधार पर दी गई जमानत जारी रखना उचित है। कोर्ट ने मामले की परिस्थितियों और पहले दी गई अंतरिम राहत की समयसीमा को देखते हुए जमानत अवधि बढ़ाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि आसाराम को अगस्त 2013 में जोधपुर आश्रम में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया गया था। विशेष पॉक्सो कोर्ट ने वर्ष 2018 में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके अलावा वर्ष 2023 में गांधीनगर (गुजरात) आश्रम में एक अन्य दुष्कर्म मामले में भी उन्हें आजीवन कारावास की सजा मिल चुकी है। मेडिकल आधार पर दी जा रही अंतरिम जमानत को कोर्ट समय-समय पर बढ़ाती रही है, और अब यह राहत 7 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

बुजुर्ग विधवा की जमीन बेचने का खेल! बेटे समेत तीन पर करोड़ों की कृषि भूमि हड़पने का आरोप, धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में करोड़ों रुपये की कृषि भूमि को कथित फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए बेचने का बड़ा मामला सामने आया है। हाथीपोल थाना पुलिस ने 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कमला देवी तलेसरा की रिपोर्ट पर राज शर्मा, गौतम तलेसरा और बाबूलाल डांगी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थिया कमला देवी पत्नी स्वर्गीय शोभालाल तलेसरा निवासी मदार, बड़गांव ने आरोप लगाया कि 24 मार्च 2021 को उन्हें आधार कार्ड पर फिंगर प्रिंट अपडेट करवाने के बहाने उप पंजीयक कार्यालय ले जाया गया। वहां आरोपी राज शर्मा पिता मथुरालाल शर्मा, गौतम तलेसरा पुत्र स्व. शोभालाल तलेसरा तथा बाबूलाल डांगी पुत्र चेनराम ने कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक खाली कागजों पर हस्ताक्षर और अंगूठा निशान करवाकर पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार कर ली। शिकायत के अनुसार राज शर्मा को अधिकारग्राही बनाकर चिकलवास क्षेत्र स्थित खातेदारी कृषि भूमि का अधिकार हासिल किया गया। बाद में उसी पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर जमीन की प्लॉटिंग कर अलग-अलग लोगों को विक्रय पत्र निष्पादित कर दिए गए। परिवाद में आरोप लगाया गया कि यह सौदे प्रार्थिया की अनुमति और उपस्थिति के बिना किए गए तथा करोड़ों रुपये की जमीन बाजार मूल्य से कम कीमत पर बेच दी गई। एफआईआर में जिन लोगों के नाम जमीन खरीददार के रूप में सामने आए हैं उनमें मोहनदास वैष्णव, सैफुद्दीन सैफ, निर्मला पालीवाल, पुष्पा पालीवाल, वसंती बाई लौहार, रामगोपाल पाठक, गोता मेघवाल, मुनिरा उतालावाला और देवेंद्र कुमार टेलर शामिल हैं। महिला ने आरोप लगाया कि कुछ रजिस्ट्री दस्तावेजों में उनकी फोटो का उपयोग बिना अनुमति किया गया। वहीं जिन स्टाम्पों पर पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार हुई, उन्हें भी उन्होंने नहीं खरीदा था। शिकायत में यह भी कहा गया कि आरोपी गौतम तलेसरा के खिलाफ पहले से भी धोखाधड़ी से जुड़े मामले दर्ज हैं। हाथीपोल थाना पुलिस ने 23 मई 2026 को आईपीसी की धारा 420 और 406 के तहत एफआईआर संख्या 88/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच मुख्य आरक्षी हेमेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस अब पावर ऑफ अटॉर्नी, स्टाम्प रिकॉर्ड, विक्रय पत्र और जमीन हस्तांतरण से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है।

संपादकीय : संकट और उम्मीद

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्व भर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजराइल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुवियों ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार- विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका- इजराइल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। वही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है कि ईंधन के दामों में इजाफे से आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुएं भी महंगी होंगी। कुल मिलाकर इस संकट की सबसे ज्यादा मार आमजन पर ही पड़ेगी। इसलिए जरूरी है कि क्वाड की बैठक में इस मसले को प्रमुखता से रखा जाए और संकट का स्थायी समाधान तलाशने की कोशिश की जाए। इस संगठन में भारत, अमेरिका के अलावा आस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। क्वाड की इस बैठक को इसलिए भी अहम माना जा रहा है कि इसमें समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढांचा और संपर्क सुविधा जैसे मसलों पर गहन मंथन किए जाने की संभावना है।

योग्यता की कसौटी

खेल की दुनिया में बेग्यता-अयोग्यता की कसौटियां कई बार क्षमताओं को बाधित करने या फिर नजर अंदाज करने की हद तक चली जाती हैं। जबकि यह संभव है कि किसी खिलाड़ी को मैदान से बाहर करने के लिए जिन नियमों का हवाला जाता है, उनका कोई खास मतलब नहीं होता है। बस कुछ पूर्वाग्रहों की वजह से नियमों को बहाना बना लिया जाता है और एक सक्षम खिलाड़ी से उसके अवसर छीन लिए जाते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसी प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ को फटकार लगाई और कहा कि हमारे देश में मां बनना कोई गुनाह नहीं है और कुश्ती महासंघ को बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए। अदालत ने महिला कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के लिए होने वाली चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगट मां बनने के बाद अब फिर से कुश्ती के मैदान में उतरना चाहती हैं, लेकिन भारतीय कुश्ती महासंघ ने डोपिंग- रोधी नियमों का हवाला देते हुए विनेश फोगाट को 26 जून तक घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलने के अयोग्य घोषित कर दिया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह सवाल उठाया कि जब विनेश फोगाट देश की एक स्थापित और शीर्ष स्तर की पहलवान रही हैं, तो नियमों में अचानक बदलाव करके उन्हें खेलने से दूर रखने की कोशिश क्यों की जा रही है! गौरतलब है कि विनेश फोगाट को भारत की सबसे कामयाब महिला पहलवानों में से एक माना जाता है। 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक तकनीकी वजह से उनके करिअर में चुनौती सामने आई थी, लेकिन उससे पार निकल कर उन्होंने आगे का रास्ता देखा। कुछ समय पहले वे मां बनीं और मातृत्व अवकाश की वजह से वे थोड़े वक्त के लिए खेल से दूर रहीं। मगर यह उनके मैदान से बाहर होने का कारण नहीं हो सकता। दुनिया भर में ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जिसमें महिला खिलाड़ियों ने मां बनने के बाद भी खेल के मैदान में बेहतरीन प्रदर्शन किया और उपलब्धियां हासिल कीं। यों यह समय-समय पर साबित होता रहा है कि मातृत्व खेल क्षमताओं में बाधक नहीं है। बेहतर हो कि पूर्वाग्रहों या बदले की भावना के बजाय किसी खिलाड़ी की योग्यता का आकलन खेल में उसके सक्षम होने के आधार पर हो।

उदयपुर में यूपीएससी परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी गिरफ्तार, मोबाइल से बनाया था फर्जी प्रवेश पत्र

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सर्विसेज परीक्षा में उदयपुर शहर की सूरजपोल थाना पुलिस ने एक फर्जी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक जयेश जाट मोबाइल से फर्जी प्रवेश पत्र बनाकर परीक्षा देने पहुंचा था। चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपी किसी अन्य परीक्षार्थी की जगह डमी बनकर नहीं आया था, बल्कि बिना परीक्षा फॉर्म भरे ही परीक्षा देने पहुंच गया। पुलिस पूछताछ में मामले का खुलासा हुआ। सूरजपोल थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया



कि परीक्षा की दूसरी पारी दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित हुई। इस दौरान परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर रहे थे। शहर के फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश पत्र का बारकोड स्कैन करने के दौरान दस्तावेज मेल नहीं खाए। इसके बाद पुलिस ने युवक को डिटेन कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से एक ग्राम अफीम भी बरामद हुई। गिरफ्तारी के बाद सवाल खड़ा हुआ कि आरोपी किसी अन्य युवक की जगह डमी बनकर नहीं आया था और खुद ने भी कोई आवेदन नहीं किया था, तो फिर परीक्षा देने कैसे पहुंच गया। पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि इंजीनियरिंग करने के बाद उसने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की थी। यूपीएससी परीक्षा का फॉर्म निकलने पर वह आवेदन करना भूल गया, लेकिन पिता के डर से उसने उन्हें बता दिया कि उसने फॉर्म भर दिया है। जब परीक्षा की तारीख आई तो पिता ने परीक्षा केंद्र के बारे में पूछा। युवक ने उदयपुर सेंटर होना बताया। इस पर पिता भी उसके साथ आने को तैयार हो गए। पिता की डांट से बचने के लिए युवक ने मोबाइल से फर्जी प्रवेश पत्र तैयार कर लिया और उनके साथ परीक्षा केंद्र पहुंच गया। पहली पारी में वह किसी तरह बच निकला, लेकिन दूसरी पारी में पिता उसके पीछे खड़े रहे, जिससे उसे अंदर प्रवेश करना पड़ा। इसी दौरान जांच में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी युवक नशे का आदी है।

निःशुल्क भोजनशाला में शॉर्ट सर्किट से हड़कंप, गैस सिलेंडर तक पहुंची आग, बुजुर्ग महिला झुलसी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। एमबी हॉस्पिटल के जनाना अस्पताल परिसर में संचालित निःशुल्क भोजनशाला में सोमवार दोपहर अचानक हुए हादसे ने अफरा-तफरी मचा दी। बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट के बाद आग भड़क गई और कुछ ही पलों में हालात बेकाबू हो गए। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है, जब भोजनशाला में रोटियां बनाई जा रही थीं और मरीजों व उनके परिजनों के लिए भोजन तैयार हो रहा था। इसी दौरान अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से आग फैल गई। आग की चपेट में पास रखा सामान आया और देखते ही देखते मौके पर दहशत फैल गई। भोजन बना रही 65 वर्षीय सज्जन बाई इस दौरान झुलस गईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही अंदर मौजूद स्टाफ और लोग घबराकर बाहर निकल आए, वहीं भोजन कर रहे लोग अपनी थालियां छोड़कर भागने लगे। तेज धमाके जैसी आवाज सुनकर ऊपरी मंजिल पर मौजूद कैंटीन स्टाफ भी नीचे पहुंचा। स्थानीय कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और स्थिति बिगड़ती देख सिलेंडर को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालकर सड़क किनारे रख दिया। समय रहते नियंत्रण नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि भोजनशाला संचालक अशोक कुमार ने सिलेंडर में आग लगने की बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि हादसा केवल शॉर्ट सर्किट से हुआ, जिससे पास रखे कागज और सामान में आग लगी। घटना में झुलसी सज्जन बाई ने बताया कि वह रोटियां सेक रही थीं, तभी अचानक मशीन के तार में चिंगारी निकली और आग फैल गई। उन्होंने कहा कि बचने के प्रयास में उनकी साड़ी आग की चपेट में आ गई, जिससे हाथ-पैर और बाल झुलस गए। फिलहाल भोजनशाला को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और सभी गैस सिलेंडरों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

बेटे-बेटी के सामने पिता की कुल्हाड़ी से हत्या, गांव में तनाव

भैंस को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला, आरोपी फरार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश ने शनिवार रात खूनी रूप ले लिया। तिलोई के खादरा क्षेत्र में दो आरोपियों ने एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात उस समय हुई जब मृतक अपने बेटे और बेटी के साथ भैंस ढूंढने निकला था। बच्चों के सामने हुई इस निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना शनिवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक करमाराम गमेती निवासी खाम बुजेरी अपने बेटे शंभू और बेटी गीता के साथ भैंस तलाशने निकला था। इसी दौरान रास्ते में पड़ोसी फौजाराम गमेती और लक्ष्मण गमेती ने उसे रोक लिया। दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने करमाराम पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर बेकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। हालांकि मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया। पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश के प्रयास किए गए, लेकिन परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। थानाधिकारी उत्तमसिंह ने मीडिया को बताया कि आरोपी और मृतक पड़ोसी हैं तथा उनके बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ समय पहले आरोपी के खेत में करमाराम की भैंस चले जाने को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। उसी रंजिश के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी फौजाराम गमेती को डिटेन कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। मृतक की पत्नी खेतु बाई ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया कि घटना के दौरान आरोपी लक्ष्मण के पास बंदूक भी थी और उसने फायरिंग की। महिला ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी उसके पति को जान से मारने की धमकियां दे चुके थे। उसने कहा कि उसके दोनों बच्चों ने अपनी आंखों के सामने पिता की हत्या होते देखी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

डिप्लोमा में प्रवेश प्रारम्भ

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 25 मई। उदयपुर के राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सहित प्रदेश भर के पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में संचालित तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग (प्रथम वर्ष) तथा पार्श्व प्रवेश (द्वितीय वर्ष) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ किए गए हैं। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य सी.एस. टाक ने बताया कि डिप्लोमा प्रथम वर्ष में दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी एवं द्वितीय वर्ष पार्श्व प्रवेश में दो वर्षीय आईटीआई धारक अथवा 12वीं में भौतिकी, रसायन व गणित से उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि जोगी तालाब, दक्षिण विस्तार स्थित जिले का प्रमुख राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय (संस्थान कोड-236), तथा राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय वल्लभनगर (संस्थान कोड - 263) जो कि वर्तमान में राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, उदयपुर परिसर में ही संचालित किया जा रहा है। इन महाविद्यालयों में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा रिन्यूएबल एनर्जी (केवल वल्लभनगर) में प्रवेश उपलब्ध है। अभ्यर्थी ऑनलाइन एसएसओ आईडी के माध्यम से प्रवेश फॉर्म भर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर विस्तृत दिशा निर्देशों एवं प्रवेश विवरणिका का अवलोकन कर सकते है। प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष (पार्श्व प्रवेश) में पंजीयन शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 9 जून 2026 तथा आवेदन व पंजीयन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून 2026 है।

एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला का समापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 25 मई। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा बागोर की हवेली के ग्राफिक स्टूडियो में शुरू हुई सात दिवसीय एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला का समापन सोमवार को किया गया। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि 19 मई से चल रही सात दिवसीय एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला का समापन सोमवार को बागोर की हवेली में हुआ। इस कार्यशाला में विभिन्न कॉलेजों के करीब 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में गुजरात से विशेषज्ञ दुष्यंत पटेल द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए और केन्द्र को कार्यशाला में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। उसके बाद विशेषज्ञ, सहायक व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत, सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी, अधीक्षण अभियंता सी.एल. सालवी, कार्यक्रम अधिशाषी हेमंत मेहता, सुनील निमावत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धांत भटनागर ने किया।

शिव संकल्पों के साथ बाल संस्कार शिविर सम्पन्न



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सनातन पाठशाला समिति, उदयपुर एवं संस्कृत भारती, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सप्तदिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन समारोह पाइन वर्ल्ड स्कूल, सेक्टर 5 में मानव कल्याण हेतु श्रेष्ठ संस्कारों को बढ़ाते रहने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी जिग्नेश शर्मा ने बताया कि समारोह का आरंभ दो शिविरार्थियों भाविक नागदा और कृतिका भट्ट के शुभ जन्मदिवस को यज्ञानुष्ठान के साथ मनाकर किया गया। जन्मदिवस के विशेष मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां देकर सभी प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष अपना शुभ जन्मदिवस आदर्श रूप में मनाने का संदेश दिया गया। समिति संयोजक पंडित भूपेंद्र शर्मा के पुरोहित्य में यज्ञ प्रशिक्षण दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी मणिशंकर त्रिवेदी और अध्यक्षता कर रहे समिति संरक्षक गोपाल कनेरिया ने शिविर को विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास एवं उन्हें संस्कारवान, चरित्रवान, राष्ट्रभक्त तथा ईश्वर भक्त बनाने के लिए उपयोगी बताया। विशिष्ट अतिथि इनर व्हील क्लब, उदयपुर की शीर्ष पदाधिकारी नयना जैन और बेला व्यास द्वारा सभी शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत की डॉ. रेनू पालीवाल और कुलदीप जोशी ने संस्कृत गीत एवं संस्कृत संभाषण आधारित लघु नाटिका का नेतृत्व किया। योगाचार्य प्रीतम सिंह चुंडावत ने योग व प्राणायाम, त्रिभुवन व्यास ने श्रीराम स्तुति व श्री हनुमान चालीसा तथा सुनील पंडित ने संप्रेषण कौशल पर ज्ञानवर्धक वार्ता प्रस्तुत की। कालिका पेट्रोलियम टीम की पुलिस कांस्टेबल कुसुम और पंकज शिविरार्थियों के सामूहिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदर्शन की प्रशिक्षक रहीं। योगाचार्य जिग्नेश शर्मा ने प्रेरक खेलों के साथ योग का अभ्यास करवाया। शिविर संयोजक नवनीत भट्ट ने आभार ज्ञापित किया। अमृत रंजन पांडे, मधु नागदा, धीरज वैदिक एवं प्रिया भट्ट ने शिविर संरक्षण में सहयोग किया। विश्व शांति की सामूहिक प्रार्थना, जयघोष और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिविरार्थियों के अभिभावकों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त कीं।

गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल मीणा पुत्र नारायणलाल डामोर (मीणा), उम्र 25 वर्ष, निवासी वाड़ा फला, जावर, थाना टिड़ी, जिला उदयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया गया कि एक अज्ञात युवक प्रार्थी की मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। घटना वाइट हाउस होटल क्षेत्र की बताई गई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल भगवतीलाल कर रहे हैं।

फतहनगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। फतहनगर थाना क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने, बाद में अश्लील फोटो एवं वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वर्ष 2018 से आरोपी दिलीपसिंह पुत्र करणसिंह राजपूत, निवासी शिव सिंहजी का खेड़ा, उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि जब प्रार्थिया ने आरोपी से दूरी बनानी शुरू की तो आरोपी ने एआई (AI) के माध्यम से अश्लील फोटो एवं वीडियो तैयार कर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। साथ ही आरोपी द्वारा प्रार्थिया का पीछा करने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 78(2), 79, 81 एवं 308(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक चन्द्रशेखर किलानिया कर रहे हैं।

सीसारमा के जैन मंदिर में चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नाई थाना क्षेत्र के सीसारमा स्थित जैन मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु पोरवाल द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई कि 23 मई 2026 को सीसारमा स्थित जैन मंदिर में चोरी की वारदात हुई। सुबह मंदिर के पुजारी शुभम नागदा पुत्र स्वर्गीय विद्याधर जी नागदा द्वारा मंदिर खोला गया तो मंदिर के मुख्य गेट का नकुचा टूटा हुआ मिला। रिपोर्ट में बताया गया कि अज्ञात चोर मंदिर के मुख्य गेट का नकुचा तोड़कर अंदर घुसे और वहां से चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 एवं 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद निशार कर रहे हैं।

बड़गांव थाना क्षेत्र में जादू-टोना के नाम पर ठगी का मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र में जादू-टोना से इलाज करने का झांसा देकर महिला के गहने एवं नकदी ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रेम कुमार मीणा पुत्र वरदा जी, जाति मीणा, उम्र 26 वर्ष, निवासी जेतावाड़ा (जाड़ा पिपला), थाना फलासिया, जिला उदयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपीगण ने प्रार्थी की सास का जादू-टोना से इलाज करने का दावा किया। इस दौरान आरोपियों ने धोखाधड़ीपूर्वक प्रार्थी की पत्नी के गहने उतरवा लिए तथा 5 हजार रुपए भी ले लिए। पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 318(4) एवं 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल उम्मेद सिंह कर रहे हैं।

बड़गांव थाना क्षेत्र में होटल का ताला तोड़कर मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र में एक होटल का ताला तोड़कर अंदर घुसने, वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक कुमार पुत्र रामचरण सिंह, जाति जाट, उम्र 40 वर्ष, पेशा प्राइवेट नौकरी, निवासी गांव हतीजर, थाना हलेना, तहसील बेर, जिला भरतपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपीगण ने प्रार्थी के कब्जेशुदा होटल का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तथा वहां निवासरत व्यक्तियों को बंदूक दिखाकर उनके साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। मामले में उत्कर्ष, यश, रवि, भीमराज, तुलसी एवं छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। सभी आरोपी उदयपुर निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 331(4), 324(4), 351(2), 189(2) एवं 61(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच थानाधिकारी हितेश यादव कर रहे हैं।

गोगुन्दा थाना पुलिस ने ईको कार से 61.88 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा किया जब्त

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुन्दा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ईको कार से 61.88 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार 23 मई को रात 8:20 बजे खाखड़ी गोगुन्दा क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान ईको कार नम्बर जीजे 05 जेएल 1200 की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन की बॉडी में अलग से बनाई गई स्कीम में अवैध अफीम डोडा चूरा छिपाकर रखा हुआ मिला। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर चार प्लास्टिक के सफेद कट्टों में भरे अवैध अफीम डोडा चूरा का वजन क्रमशः 31.880 किलोग्राम, 11.090 किलोग्राम, 10.740 किलोग्राम एवं 8.170 किलोग्राम पाया गया। कट्टों सहित कुल वजन 61.88 किलोग्राम निकला। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृत्व में की गई। मामले की जांच सायरा थानाधिकारी कानाराम सिरवी कर रहे हैं।

साइबर सेल ने खोज निकाले 27 लाख के 121 गुमशुदा मोबाइल, चेहरों पर लौटी मुस्कान

भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल की मदद से पुलिस ने की त्वरित रिकवरी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 मई। प्रतापगढ़ जिला पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के साथ-साथ आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण और राहत पहुंचाने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्रम में जिला पुलिस को एक बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्रसिंह जोधा के कुशल मार्गदर्शन में जिला साइबर सेल तथा समस्त थानाधिकारियों ने एक बेहतरीन संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीमों ने कड़े विधिक व तकनीकी प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों से गुम हुए कुल 121 मोबाइल हैंडसेट बरामद करने में सफलता हासिल की है। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 27 लाख रुपये आंकी गई है।

एसपी आदित्य ने इस बड़ी रिकवरी के तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन मोबाइलों को ट्रैक करने में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित किए गए केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर यानी सीईआईआर पोर्टल की तकनीकी सहायता ली गई। जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज कराई गई मोबाइल गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर साइबर सेल ने इन सभी हैंडसेट्स के आईएमईआई नंबरों को सीईआईआर पोर्टल पर सर्विलांस और ट्रैकिंग पर सक्रिय किया था। पोर्टल से मिले सटीक तकनीकी इनपुट्स पर जिला पुलिस के थानाधिकारियों ने त्वरित फील्ड एक्शन लेते हुए इन सभी 121 मोबाइलों को रिकॉर्ड समय में ढूंढ निकाला।

गुमशुदा मोबाइलों की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करने के बाद, प्रतापगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं विभिन्न थाना स्तरों पर एक विशेष मोबाइल सुपुर्दगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा फोन कर बुलाए गए सभी मूल मोबाइल मालिकों और प्रार्थियों को तस्दीक के बाद उनके कीमती हैंडसेट पूरी गरिमा के साथ सुपुर्द किए गए। महीनों पहले खो चुके अपने महंगे मोबाइल और उनके भीतर सुरक्षित डेटा को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। कई प्रार्थियों ने भावुक होते हुए पुलिस के इस जनहितैषी कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की।

मंदिर में चांदी का मुकुट चोरी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। पारोली थाना पुलिस ने मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चांदी का चोरी गया मुकुट बरामद किया है। थाना प्रभारी सियाराम ने बताया कि 28 अप्रैल की सुबह 7 से 9 बजे के बीच पारोली मंदिर से भगवान का करीब 200 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट चोरी हो गया था। इस मामले में पुजारी बालमुकुंद की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास का बीटीएस डेटा एकत्र किया और करीब 50 से 70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लगातार तकनीकी विश्लेषण और डिटेल इन्वेस्टिगेशन के आधार पर पुलिस ने त्रिलोक (42) पुत्र चांदमल पाराशर, निवासी चैनपुरा काछोला को डिटेन किया। पूछताछ में आरोपी ने मंदिर में चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया चांदी का मुकुट भी बरामद कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह पहले मंदिरों की रेकी करता था और उसके बाद वारदात को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ बीगोद, काछोला सहित अन्य थानों में भी तीन से अधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सियाराम, एएसआई मुंशी खान, कॉन्स्टेबल शैतान सिंह, राम अवतार और रंजीत शामिल रहे।

भीषण अग्निकांड में इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान खाक, करीब 45 लाख का नुकसान, नकदी भी जली



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। नगर के नवाबगंज क्षेत्र में शुक्रवार देर रात रामद्वारा के सामने स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना में दुकान में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया, जबकि करीब 45 लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई गई है। साथ ही काउंटर में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। जानकारी के अनुसार, मधुर इंटरप्राइजेज एवं मधुर इलेक्ट्रिकल्स के संचालक मुकेश माली ने रात करीब 10:55 बजे दुकान बंद की थी। इसके कुछ ही देर बाद 11:25 बजे आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा और तुरंत फायर ब्रिगेड, पुलिस व मालिक को सूचना दी। सूचना पर नगर परिषद की दमकल मौके पर पहुंची। शटर खोले जाने पर भीतर से आग की तेज लपटें और घना धुआं बाहर निकलने लगा। स्थिति को गंभीर देखते हुए तीन से चार दमकलों की मदद से करीब 3–4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान पीछे की दीवार तोड़कर भी पानी की बौछारें की गईं। आग की चपेट में आने से एसी, एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, कूलर, मिक्सर, प्रेस, मोबाइल सहित पूरा इलेक्ट्रॉनिक स्टॉक जलकर नष्ट हो गया। दुकान में रखे उपकरणों में कई बार विस्फोट जैसी आवाजें भी सुनाई दीं, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसपास की दुकानों से कुछ सामान समय रहते बाहर निकालकर सुरक्षित किया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। समय रहते आग पर काबू पा लेने से आसपास की दुकानों और रिहायशी क्षेत्र में बड़ा हादसा होने से बच गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी।

अवैध बजरी परिवहन करते डम्पर जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

भूपालसागर (अरविंद गर्ग)। भूपालसागर थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक डम्पर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के निर्देशन एवं डीएसपी कपासन हरजीलाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी घेवरचन्द के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुए डम्पर को जब्त कर आरोपी गणेशलाल पुत्र पेमाराम मीणा निवासी बासाजोयरा उतरड़ा थाना गींगला जिला सलूम्बर को गिरफ्तार किया। मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी घेवरचन्द, एएसआई असरार जमा तथा कांस्टेबल ओमप्रकाश, पीराराम और अक्षय शामिल रहे।

जंगल कटाई हटाने पहुंची टीम पर हमले के फरार आरोपी दबोचे

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन "सुदर्शन चक्र-2" के तहत पानरवा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के चर्चित मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के साथ ही अब तक इस मामले में दो इनामी आरोपियों समेत कुल छह आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है। दरअसल, मामला उस समय का है जब वन विभाग की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुंची सरकारी टीम पर हमला कर दिया गया था। अब महीनों बाद पुलिस ने तकनीकी इनपुट और मुखबिर तंत्र के सहारे फरार आरोपियों तक पहुंच बनाई है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और वृत्ताधिकारी डूंगरसिंह चूण्डावत के सुपरविजन में पानरवा थानाधिकारी सबीर खान ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी मिठा उर्फ मिठिया पुत्र भोमा निवासी जुनापादर थाना माण्डवा और उसके साथी रमेश पुत्र मीणा निवासी आंजणी थाना माण्डवा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार यह पूरा मामला 12 फरवरी 2026 का है। ग्राम कोदरनाल में वन विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेश कुमार अपनी टीम और पानरवा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे थे। कार्रवाई शुरू होते ही कुछ लोगों ने विरोध करते हुए सरकारी टीम पर हमला बोल दिया। स्थिति इतनी बिगड़ी कि पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों की जान जोखिम में पड़ गई। हमले के बाद पानरवा थाने में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि मामले में लगातार दबिश और तकनीकी निगरानी की जा रही थी। कई आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे, जबकि फरार चल रहे आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया था। अब ताजा कार्रवाई में दो और आरोपियों की गिरफ्तारी से जांच को महत्वपूर्ण बढ़त मिली है। इस पूरे ऑपरेशन में थानाधिकारी सबीर खान के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रकाशचन्द्र, कांस्टेबल गजेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार, किशनाराम, भारत सिंह, दिलीप सुथार और प्रकाशचन्द्र की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और जानलेवा हमले जैसे मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन "सुदर्शन चक्र-2" के जरिए पुलिस लगातार फरार और इनामी अपराधियों पर शिकंजा कस रही है।

फायरिंग केस में हथियार सप्लायर समेत दो और आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर में मीठी ईद के बाद शुरू हुई रंजिश आखिरकार गोलियों और चाकुओं तक पहुंच गई थी। घंटाघर थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज फायरिंग और जानलेवा हमले के मामले में उदयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह है कि गिरफ्तार आरोपियों में वह युवक भी शामिल है जिसने मुख्य आरोपी को मध्यप्रदेश से पिस्टल उपलब्ध करवाई थी। पुलिस की इस कार्रवाई के साथ अब इस हमले में शामिल सभी पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और नगर पश्चिम वृत्ताधिकारी राजेश यादव की निगरानी में घंटाघर थानाधिकारी कर्मवीर सिंह, अम्बामाता थानाधिकारी दलपत सिंह और प्रशिक्षु आरपीएस रामकुमार की टीमों ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया। सूचना, तकनीकी विश्लेषण और ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए पुलिस ने मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले से मोहसीन खान और अर्जुन वागरी को दबोच लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी इरफान खान पठान का मोहसीन पिनोक्यो, सलमान और नाजीब के साथ पुराने विवाद चल रहे थे। मीठी ईद के दौरान हुए झगड़े के बाद इरफान ने बदला लेने की साजिश रची। इसके लिए उसने अपने परिचित मोहसीन खान से मध्यप्रदेश से अवैध पिस्टल मंगवाई और साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। करीब पांच दिन पहले एक गली में बंद दुकान के सामने खड़े मोहसीन पिनोक्यो, सलमान और नाजीब पर अचानक गोलियां चलाई गईं और चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए गए। हमले में सलमान को गोली लगी, जबकि मोहसीन पिनोक्यो और नाजीब गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी स्कूटी और मोटरसाइकिलों पर सवार होकर मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस पहले ही इरफान खान पठान, अरबाज खान और मोहम्मद हुसैन उर्फ मख्खी को गिरफ्तार कर चुकी थी। अब मोहसीन खान और अर्जुन वागरी की गिरफ्तारी के बाद पूरे गिरोह का पर्दाफाश हो गया है। गिरफ्तार आरोपी मोहसीन खान, उज्जैन जिले के खाचरोद क्षेत्र का निवासी है और उसके खिलाफ पहले से अवैध हथियार और चोरी के मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस अब यह भी खंगाल रही है कि पिस्टल सप्लाई का नेटवर्क कितना बड़ा है और क्या इस गैंग का संबंध अन्य आपराधिक घटनाओं से भी जुड़ा हुआ है। इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई में थानाधिकारी कर्मवीर सिंह, दलपत सिंह, प्रशिक्षु आरपीएस रामकुमार, उप निरीक्षक अमजद खान, रघुवीर सिंह, अर्जुन सिंह, अर्जुनलाल, हेड कांस्टेबल धर्मेश कुमार, सत्यपाल, दिलीप सिंह, राकेश कुमार तथा कांस्टेबल सोहन, राजकमल, ओमप्रकाश और चालक फिरोज की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रीवा में जैन साध्वियों की दर्दनाक मौत के विरोध में उदयपुर में जैन समाज का प्रदर्शन, पीएम-सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मध्यप्रदेश के रीवा में जैन साध्वियों को कार से कुचलकर हुई मौत की घटना को लेकर उदयपुर में जैन समाज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान समाजजनों ने कहा कि संत समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कानून बनाए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पैदल विहार करने वाले जैन संतों एवं साध्वियों को विशेष सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। जैन समाज प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका श्रुतमती माताजी और आर्यिका उपशममति माताजी की दुर्घटना में मौत ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। समाज का कहना है कि संतों का जीवन अहिंसा और शांति का संदेश देता है, ऐसे में उनकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। पूर्व डिप्टी मेयर पारस सिंघवी ने कहा कि रीवा की घटना अत्यंत निंदनीय और दुखद है, जिसमें तेज रफ्तार वाहन ने साध्वियों को टक्कर मारकर उनकी जान ले ली। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर सख्त रोक जरूरी है। समाज ने मांग की कि देशभर में पैदल विहार करने वाले जैन संतों एवं साध्वियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

तीन घंटे चली जटिल सर्जरी में डॉक्टरों ने एक साथ किए चार ऑपरेशन, महिला को मिली नई जिंदगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने एक बेहद दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 42 वर्षीय महिला को नई जिंदगी दी। पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही दौसा निवासी महिला का करीब तीन घंटे तक ऑपरेशन चला, जिसमें एक साथ चार जटिल सर्जरी की गईं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. लीनेश्वर हर्षवर्धन ने बताया कि इस हाई-रिस्क प्रोसीजर का नेतृत्व सीनियर सर्जन डॉ. मुकेश शर्मा ने किया। उनके साथ डॉक्टर संजय, डॉ. कमलेश, डॉ. वीरेन्द्र, डॉ. अश्वनी, डॉ. विवेक तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. हरप्रीत कौर और डॉ. रवि की टीम शामिल रही। डॉक्टरों के अनुसार महिला ने करीब 10-11 महीने पहले बच्चेदानी का ऑपरेशन करवाया था, जिसके कुछ समय बाद गंभीर कॉम्प्लिकेशन शुरू हो गए। पेल्विस की मांसपेशियां कमजोर होने से पेशाब की थैली, मलाशय और गर्भाशय सपोर्ट सिस्टम अपनी सामान्य स्थिति से नीचे खिसक गए। हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि महिला को पेशाब पर नियंत्रण नहीं रहता था और शौच करने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विशेषज्ञों ने बताया कि सामान्यतः ऐसी स्थिति में अलग-अलग चरणों में कई ऑपरेशन किए जाते हैं, लेकिन इस बार मेडिकल टीम ने एक साथ चार सर्जरी करने का फैसला लिया। ऑपरेशन के दौरान मलाशय, पेशाब की थैली और गर्भाशय को सपोर्ट देने वाले हिस्से को विशेष मेडिकल जाली की मदद से दोबारा फिक्स किया गया। डॉ. मुकेश शर्मा के मुताबिक यह सर्जरी तकनीकी रूप से बेहद जटिल थी, क्योंकि शरीर के कई अंगों को एक साथ स्थिर करना था। करीब तीन घंटे चले ऑपरेशन के बाद महिला की स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई और सफल उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

साध्वियों की सड़क दुर्घटना के विरोध में जैन समाज का मौन प्रदर्शन दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और साधु-संतों की सुरक्षा की मांग



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर में सकल जैन समाज ने मध्यप्रदेश के रीवा में हुई सड़क दुर्घटना के विरोध में सोमवार को अहिंसक मौन रैली निकालकर तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने साध्वियों की मृत्यु पर गहरा दुख जताते हुए घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। तीर्थ रक्षा कमेटी के सचिव जयप्रकाश शाह ने बताया कि 20 मई को रीवा कलेक्ट्रेट के सामने राष्ट्र संत आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका श्रुतमति माताजी और आर्यिका उपशममति माताजी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। उन्होंने कहा कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखने पर मामला सामान्य दुर्घटना नहीं लग रहा है, बल्कि सुनियोजित घटना होने की आशंका दिखाई दे रही है। श्रमण भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रभुलाल जैन ने कहा कि जैन साधु-संत हमेशा अहिंसा, शांति और संयम का संदेश देते हैं तथा पैदल विहार करते हैं। ऐसे तपस्वियों के साथ हुई घटना से समाज में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मामले की विस्तृत जांच कराने की मांग की। इसके बाद समाज के महिला-पुरुषों ने मौन रैली निकाली। रैली श्रमण भवन से शुरू होकर नागदा बाजार, होली चौक, सर्राफा बाजार, जिला बस स्टैंड और तुलसी मार्ग होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। वहां तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सेठ लक्ष्मीलाल ढालावत, रमेश कुमार कुनिया, अभय कुमार गांधी, महेंद्र रूपावत, नरेश दोषी, मणिलाल मालवी सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

उदयपुर की मैसी गौड़ का IIM इंदौर एवं IIM रोहतक के आईपीएम इंटरव्यू राउंड के लिए चयन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लेकसिटी की छात्रा मैसी गौड़ ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों आईआईएम इंदौर और रोहतक के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (IPM) इंटरव्यू राउंड के लिए चयन प्राप्त किया है। शहर की शिक्षण संस्था रेडिएंट एकेडम मैनेजमेंट डिविजन की छात्रा मैसी इस वर्ष उदयपुर की ऐसी एकमात्र स्टूडेंट बनी हैं, जिन्हें दोनों प्रतिष्ठित IIM संस्थानों के इंटरव्यू राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। एमडीएस स्कूल के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी ने इसे उदयपुर के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि लगातार मेहनत, सही रणनीति और अनुशासित तैयारी से विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। रेडियंट एकेडमी मैनेजमेंट डिवीजन के हेड प्रियंक पालीवाल ने बताया कि IIM इंदौर का IPM प्रोग्राम देश के सबसे प्रतिस्पर्धी मैनेजमेंट कोर्सेज में शामिल है, जहां देशभर से हजारों विद्यार्थी आवेदन करते हैं। लिखित परीक्षा के बाद इंटरव्यू राउंड अंतिम चयन का सबसे अहम चरण माना जाता है। उन्होंने बताया कि इंटरव्यू तैयारी के तहत विद्यार्थियों को मॉक इंटरव्यू, करंट अफेयर्स डिस्कशन, कम्युनिकेशन स्किल डेवलपमेंट, प्रोफाइल एनालिसिस और विषय आधारित अकादमिक ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अंतिम चयन प्रक्रिया का सामना कर सकें। मैसी गौड़ इससे पहले सीबीएसई 12वीं कॉमर्स संकाय में उदयपुर टॉप कर चुकी हैं। पढ़ाई के साथ उन्होंने सीबीएसई राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। मैसी ने अपनी सफलता का श्रेय समय प्रबंधन, शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट प्रैक्टिस और विस्तृत टेस्ट एनालिसिस को दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत मॉनिटरिंग और लगातार अभ्यास ने उनकी तैयारी को नई दिशा दी। संस्था परिवार और विद्यार्थियों ने मैसी गौड़ की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सुधीर गुप्ता को पीएचडी की उपाधि

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर, 25 मई। भूपाल नोबल्स विश्व-विद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए सुधीर गुप्ता को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में अपना उच्च अध्ययन एवं शोध कार्य पूर्ण किया। डॉ. गुप्ता ने प्रो. डॉ. कमल सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में "नेत्र प्रदत्त नवीनतम ठोस लिपिड वाहक प्रणाली का निर्माण और मूल्यांकन चयनित प्रदाहरोधी घटकों के लिये" विषय पर शोध कार्य किया। शोध में नेत्र संबंधी उपचारों के लिए सूजनरोधी दवाओं की जैव-उपलब्धता बढ़ाने तथा उनकी प्रभाव अवधि को लंबा बनाए रखने के उद्देश्य से नवीन ठोस लिपिड वाहक प्रणाली विकसित की गई। विश्वविद्यालय के अनुसार यह शोध नेत्र चिकित्सा के साथ-साथ त्वचा एवं अन्य सामयिक दवाओं की प्रभावशीलता, सुरक्षा और अवशोषण क्षमता में सुधार की दिशा में उपयोगी साबित हो सकता है। विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं फार्मेसी विभाग ने डॉ. गुप्ता की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के आवेदन 27 मई से

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 मई से शुरू होगी। राजस्थान मूल निवासी एवं 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे। देवस्थान विभाग ने इस वर्ष योजना के लिए 150 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है, जिसके तहत कुल 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इसमें ट्रेन और हवाई मार्ग दोनों शामिल होंगे। उदयपुर में देवस्थान आयुक्त एल.एन. मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन होंगे। इच्छुक आवेदक अपने स्मार्टफोन, कंप्यूटर या ई-मित्र केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया 27 मई से शुरू होकर 10 जून तक चलेगी। योजना के तहत 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा ट्रेन से कराई जाएगी, जबकि 6 हजार वरिष्ठ नागरिकों को हवाई मार्ग से नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे।

समाजसेवी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश खोडनिया को राज्यसभा सांसद बनाने की मांग



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। वागड़-मेवाड़ सहित क्षेत्र में समाजसेवा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के रूप में जाने जाने वाले दिनेश खोडनिया को राज्यसभा सांसद बनाने की वागड़-मेवाड़ के लोगों द्वारा पुरजोर मांग उठाई जा रही है। शुभचिंतकों इस बार खोडनिया के राज्यसभा सांसद बनने की पूरी संभावना का विश्वास है। बताया जा रहा है कि खोडनिया पर देश से प्रदेश तक कांग्रेस के वरिष्ठ आलाकमान का पूरा हाथ है, जिससे संभावना प्रबल है। पूर्व में भी राज्यसभा सांसद के पैनल में खोडनिया का नाम चला था। शभचिंतक कह रहे हैं कि खोडनिया बनते हैं तो मेवाड़ व वागड़ में एक अच्छा संदेश जाएगा तथा कांग्रेस मजबूत बनेगी, क्योंकि पूर्व में कभी भी वागड़ से सामान्य वर्ग से कांग्रेस का कोई राज्यसभा सांसद नहीं बना था। यह मेवाड़ व वागड़ में कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने का कांग्रेस के पास समय है। वागड़ व मेवाड़ में समाजसेवक के रूप में तथा कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाने एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के देश के वरिष्ठ नेताओं में अपनी अच्छी पकड़ रखने वाले दिनेश खोडनिया को इस बार होने वाले राज्यसभा सांसद बनाने की मांग पूरे जोर से उठाई जा रही है। पूर्व में खोडनिया का राज्यसभा सांसद में नाम चला था, लेकिन इस बार नजारा कुछ और होकर खोडनिया के राज्यसभा सांसद बनने की मांग जोरों पर है। खोडनिया समाजसेवा के रूप में विगत कई वर्षों से अठारह हजार दशा हुमड़ जैन समाज के लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने तथा समाज के लिए कई कार्य किए। साथ ही वागड़ व मेवाड़ में सभी वर्गों के लोगों को साथ में रखते हुए कांग्रेस को उदयपुर, बांसवाड़ा व डूंगरपुर में मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने खोडनिया को कई मुख्य पदों पर आसीन किया गया तथा अन्य राज्यों में होने वाले चुनाव में प्रचार-प्रसार की कमान खोडनिया के हाथों दी गई, जहां अच्छे परिणाम सामने आए। इसके चलते कांग्रेस आलाकमान की नजरों में खोडनिया की एक अच्छी छवि बनी हुई है। वहीं लोगों का मानना है कि दो बार राज्य में अशोक गहलोत की सरकार बनाने में खोडनिया की अहम भूमिका रही। वहीं वर्तमान में उदयपुर में खोडनिया के पुत्र कौमी खोडनिया ने रियल स्टेट में कदम रखते हुए खोडनिया की अच्छी पहचान बनाई है, जहां खोडनिया कई समाज के कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि व अध्यक्षता करते हैं। खोडनिया को राज्यसभा सांसद बनाने की मेवाड़ की समृद्धि, राजस्थान की प्रगति और भारत विकास के लिए समर्पित आवाज बताया जा रहा है। खोडनिया के पक्ष में कहा जा रहा है कि सर्व समाज हितैषी होकर पूर्व कांग्रेस शासन में समानता मंच की मांग को आगे तक पहल कर आरक्षण दिलाने का कार्य किया, जिसके चलते कई युवाओं को वागड़ व मेवाड़ में सरकारी नौकरियों में वरीयता मिली। इसके चलते लोगों के दिल में बसे हुए हैं। नगर के आरा मार्ग पर स्थित श्रीश्री उत्तम स्वामी गौशाला की स्थापना में भी अहम भूमिका रही तथा सबसे अधिक दान राशि देते हुए गोशाला के कई आजीवन सदस्य बनाने में सहयोग दिया गया। सभी कार्यों को देखते हुए इस बार मेवाड़ व वागड़ की जनता पूरे जोर से दिनेश खोडनिया को राज्यसभा सांसद बनाने की कांग्रेस आलाकमान से मांग कर रही है। सोशल मीडिया में भी उनका नाम काफी चल रहा है।

छाजेड़ अराईस एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 25 मई। मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर शहर के एजुकेशन काउंसलर विकास छाजेड़ को अराईस एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अराईस मेडिकल अकादमी द्वारा हैदराबाद में आयोजित 10वें अवार्ड कार्यक्रम में प्रदान किया गया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. खलील अहमद ने विकास छाजेड़ को सम्मानित करते हुए कहा कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को सही दिशा एवं उचित परामर्श देना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसमें उनका कार्य सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से आए एजुकेशन काउंसलर्स एवं फैकल्टी सदस्यों का भी सम्मान किया गया। साथ ही एफएमजीई परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में डॉ. प्रियांश जैन, डॉ. नदिम जफर, डॉ. प्रितेश सिंह, डॉ. संदीप शर्मा सहित अन्य फैकल्टी सदस्य एवं अतिथि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अराईस मेडिकल अकादमी मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में कई वर्षों से कार्यरत है तथा यह संस्थान का 10वां अवार्ड कार्यक्रम था, जिसका आयोजन हैदराबाद में किया गया।

मां वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का भूपालसागर से आगाज



24 न्यूज अपडेट

भूपालसागर (अरविंद गर्ग)। राजस्थान सरकार के मां वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भूपालसागर डेम पर प्रभारी सचिव विकास सीताराम के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. मंजु, एडीएम दिनेश चन्द्र धाकड़, उपवन संरक्षक राहुल झांझड़िया, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, सीईओ विनय पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमेन्द्र सिंह राणावत, ग्राम पंचायत प्रशासक प्यारचंद भील, किसान संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेशचंद्र गाडरी, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षा शोभादेवी जाट, आकोला मंडल अध्यक्ष शम्भूलाल गाडरी, एसडीएम महेश गगोरिया, विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल, भाजपा नेता प्रतापसिंह भाटी व बलवंत सिंह औस्तवाल सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई और डेम पर जलदेव पूजन किया गया। अतिथियों ने जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। प्रभारी सचिव विकास सीताराम ने कहा कि आने वाले समय में जल संकट से बचने के लिए अभी से जल संरक्षण जरूरी है। उन्होंने अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि "आईये, मिलिये, जुटिये और इस मां वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को सार्थक बनाइये।"

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।